# बिहार विधान सभा सचिवालय

## आमंत्रण

बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल में बिहार विधान सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक–07.02.2026 को 10.30 बजे पूर्वा० 'सशक्त विधायक–सशक्त लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित होगा । डॉ प्रेम कुमार, माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा नेवा द्वारा संचालित डिजिटल हाउस का विधिवत उद्घाटन श्री ओम. बिरला, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा द्वारा किया जायेगा । श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे । श्री किरेन रिजिजू, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार एवं श्री हरिवंश, माननीय उप सभापति, राज्य सभा इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। राज्य के माननीय उपमुख्यमंत्री गण श्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, बिहार श्री विजय कुमार चौधरी एवं माननीय उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा श्री नरेंद्र नारायण यादव की गरिमामय उपस्थिति भी इस कार्यक्रम में अपेक्षित है । बिहार मंत्रिपरिषद् के सभी माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा के सभी माननीय सदस्य एवं बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्य तथा अन्य महानुभाव इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे ।

अतः इस कार्यक्रम में बिहार विधान मंडल के सभी माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थित है ।

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

Scanned with OKEN Scanner